कार्यशाला रिपोर्ट

इग्नू द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और युवा मन का भारतबोध विषय पर कार्यशाला का आयोजन

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और युवा मन का भारतबोध विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन क्षेत्रीय केन्द्र में दिनांक 2 मार्च 2022 को किया गया।

डॉ0 मनोरमा सिंह, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू ने कहा कि इस कार्यशाला का आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रवाद की भावना जाग्रत करने हेतु किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों द्वारा अपने सपनों के भारत विषय पर प्रस्तुति भी की गयी।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ0 सौरभ मालवीय, विशेषज्ञ एवं प्रभारी, हैप्पीनेस करीकुलम्, उत्तर प्रदेश सरकार ने विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा हेतु प्रेरित किया। उन्होनें स्वतन्त्रता प्राप्ति में अपना योगदान देने वाले राष्ट्रभक्तों के विषय में चर्चा की और विद्यार्थियों को उनके चरित्र से प्रेरित होने की सलाह दी। उन्होनें भारत की संस्कृतिक विशेशताओं पर प्रकाश डाला और वसुधैव कुटुम्बकम

की अवधारणा की चर्चा की, साथ ही साथ विद्यार्थियों को उच्चकोटि की मूल्य आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए इग्नू की प्रशंसा की।

– वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक